खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश
खेल भवन, लखनऊ।

संख्या 3725 / संगठन / अतंर्रा0खि0 / प्रशिक्षक / 2024–25 दिनांकः 20 नवम्बर, 2024

–विज्ञप्ति–

शासनादेश संख्या : 2274 / बयालिस–2021–01 (घोषणा) / 2021 दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 के क्रम में 15 खेलों (हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, बाक्सिंग एवं जूडो खेल में केवल पुरूष वर्ग में तथा तैराकी, वालीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, बैडमिण्टन, टेबुल–टेनिस, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, तथा हैण्डबाल खेल में महिला व पुरूष दोनों वर्गों में) में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत 40 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को मानदेय रूपया–1.50 लाख प्रतिमाह पर प्रशिक्षण हेतु आवद्ध किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप पत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी की खेल एवं शैक्षिक योग्यता निम्नवत् निर्धारित है :–

1– अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी / प्रशिक्षकों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

2– अन्तर्राष्ट्रीय खेलों यथा ओलम्पिक गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं वर्ल्डकप / वर्ल्ड चैम्पियनशिप (प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाली) में प्रतिभाग किया हो, अर्ह माना जायेगा तथा उपरोक्त प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को वरीयता दी जायेगी अथवा पदमश्री, खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचन्द पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी / प्रशिक्षक अथवा ऐसा प्रशिक्षक जिसने ओलम्पिक गेम्स, विश्वकप / एशियन गेम्स / कामनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित भारतीय टीम को प्रशिक्षण दिया हो, को अर्ह माना जायेगा।

3– अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी / प्रशिक्षकों की तैनाती 03 वर्ष हेतु की जायेगी। प्रत्येक वर्ष के अन्त में निदेशक, खेल द्वारा इनकी उपलब्धियों, आचरण, व्यवहार, अनुशासन एवं नियमित प्रशिक्षण के दृष्टिगत मूल्यांकन किया जायेगा। उपलब्धि के आधार पर इन्हें बनाये रखने व निकाले जाने का निर्णय निदेशक, खेल द्वारा लिया जायेगा। यह पूर्णतया मानदेय / संविदा के आधार पर रखे जायेंगें। तैनात अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी / प्रशिक्षकों का भविष्य में विनियमितीकरण हेतु प्रस्तुत कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अन्य शर्तें :–

1. आवेदन पत्र के साथ अपनी शैक्षिक योग्यता एवं खेल योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियां राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित या आवेदक द्वारा स्वयं प्रमाणित हों, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. इच्छुक अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी अपना आवेदन पत्र अपने मण्डल के क्षेत्रीय खेल कार्यालयों में अन्तिम तिथि 10.12.2024 की सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। क्षेत्रीय खेल कार्यालयों में तैनात क्रीडाधिकारियों / क्षेत्रीय क्रीडाधिकारियों द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त कर निदेशालय में उपलब्ध कराये जायेगें। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. जो खिलाडी सरकारी सेवा में हैं, उनको आवेदन पत्र के साथ संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
4. अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप खेल विभाग की वेबसाईट upsports.gov.in अथवा Khelsathi.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक खेल, उ0प्र0

खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन संचालित आवासीय क्रीडा छात्रावास के खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में आबद्ध किये जाने हेतु आवेदन पत्र

खेल का नाम :: ....

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटी चस्पा करें।

01– आवेदक का नाम :: ....

02– पिता का नाम :: ....

03– जन्मतिथि :: ....
(प्रमाण पत्र संलग्न)

04– स्थायी पता :: ....
....

05– वर्तमान पता :: ....
....

06– मोबाइल नम्बर :: ....

07– जाति :: ....(सामान्य / अ0पि0वर्ग / अनु0जाति / अनु0जनजाति)

08– आधार नम्बर :: ....

09– ई–मेल आई0डी0 :: ....

10– शैक्षिक योग्यता :: ....

11– खेल योग्यता :: ....
....
(अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग सम्बन्धी विवरण अंकित करते हुए प्रमाण पत्र संलग्न करें)

12– प्रशिक्षण का अनुभव :: ....

13– खेल के क्षेत्र में प्राप्त सम्मान पुरस्कार का विवरण:: ....

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्णतया: सत्य हैं। इनमें किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है।

दिनांक :–..

स्थान :–..

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रतिहस्ताक्षरित
क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी / क्रीडाधिकारी
मुहर सहित